# दिनांक 03.09.2025 को आयोजित ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त :–

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में दिनांक 03.09.2025 को ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें उपस्थित अधिकारियों / सम्बन्धित एजेन्सियों द्वारा संचालित योजनाओं की अध्यवधिक प्रगति प्रस्तुत की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/फर्म के परियोजना प्रबन्धक द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री मनीष गंगवार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत।
2. श्री मनोज कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत।
3. श्री मो0 शफीक, सहायक अभियन्ता, डी0डब्लू0एस0एम0, पीलीभीत।
4. श्री मो0 नासिर खां, उप–परियोजना प्रबन्धक, मै0 टी0पी0आई0 एजेन्सी, पीलीभीत।
5. श्री विशाल सिंह, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, पीलीभीत।
6. श्री के0 रमेश, परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, पीलीभीत।
7. श्री धीरेन्द्र कुमार, परियोजना प्रबन्धक, मै0 विश्वराज इंवायरमेंट प्रा0लि0, पीलीभीत।

बैठक में निम्न महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये :–

**1– अनापत्ति प्रमाण पत्र :**

जनपद में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम (फेज–2 एवं फेज–3) के अन्तर्गत 484 नग पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 483 नग पाइप पेयजल योजनाओं में कार्य प्रगति पर है एवं 01 नग परियोजना विकास खण्ड– पूरनपुर की सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज पाइप पेयजल योजना में भारत सरकार के वन एवं जल वायु परिवर्तन मंत्रालय के स्तर से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त न होने कारण कार्य बाधित है, जिसके सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरान्त तत्काल कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

**(कार्यवाही –अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण)/परि0प्रब0, मै0 विश्वराज)**

**2– शिरोपरि जलाशय (OHT) का कार्य :**

जनपदान्तर्गत 484 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 244 नग शिरापरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण है। शेष 258 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसको माह मार्च, 2026 तक पूर्ण करने के सम्बन्ध में उपस्थित दोनों एजेन्सियों के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत को निर्धारित अवधि में दोनों एजेन्सियों के माध्यम से शिरोपरि जलाशय के निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण)/परि0प्रब0, मै0 पी0एन0सी0/परि0प्रब0, मै0 विश्वराज)**

**3– सड़क पुर्नस्थापना कार्य :**

जनपदान्तर्गत पाइप लाईन बिछाने हेतु काटी/तोडी गयी सड़कों के सापेक्ष 86 प्रतिशत पुर्नस्थापना/मरम्मत का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है एवं अरथाई सड़क, जो वर्षा के कारण बैठ गयी है, उनका भी पुर्नस्थापना का कार्य पुनः कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

**(कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण)/परि0प्रब0, मै0 पी0एन0सी0/परि0प्रब0, मै0 विश्वराज)**

**4– नियमित जलापूर्ति :**

जनपदान्तर्गत 484 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 155 नग पाइप पेयजल योजनाओं पर नियमित जलापूर्ति की जा रही है, जिस हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त किया गया एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक तक नियमित जलापूर्ति वाली परियोजनाओं में बढ़ौतरी करना सुनिश्चित करें। साथ ही वर्तमान में 155 नग नियमित जलापूर्ति की जा रही पाइप पेयजल योजनाओं की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण)/परि0प्रब0, मै0 पी0एन0सी0/परि0प्रब0, मै0 विश्वराज)**

**5– हर घर प्रमाणीकरण :**

जनपदान्तर्गत 1191 नग ग्रामों के सापेक्ष 390 नग ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण कराया गया है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि कुछ ग्राम प्रधानों द्वारा हर घर जल सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर नहीं किये जा रहे है, जिस कारण प्रगति पर सुधार नहीं हो पा रहा है, जिसके कम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा उन ग्राम पंचायतों की सूची उपलब्ध कराये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया है, जिससे उन ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों से दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर हर घर जल सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर किये जाने हेतु निर्देशित किया जा सकें।

**(कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण)/परि0प्रब0, मै0 पी0एन0सी0/परि0प्रब0, मै0 विश्वराज)**

**(राजेन्द्र कुमार श्रीवास)**
मुख्य विकास अधिकारी,
पीलीभीत।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, पीलीभीत।

**पत्रांक :** 3000/ M-07 / 74 **दिनांकः** 03.09.2025

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, पीलीभीत को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत।
3. परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, पीलीभीत।
4. परियोजना प्रबन्धक, मै0 विश्वराज इनवायरमेन्ट, पीलीभीत।

मुख्य विकास अधिकारी,
पीलीभीत।